प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री–वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। बजट के बाद आयोजित होने वाले इस वेबिनार में सार्वजनिक पूंजी व्यंय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तींय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार–विमर्श होगा। केन्द्रीय बजट 2026–27 के प्रमुख विषयों पर बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनारों की श्रृंखला में यह पहली ऑनलाइन संगोष्ठी है। इन संगोष्ठियों का उद्देश्य पिछले अनुभवों से लाभ लेना और प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना है ताकि व्यवहारिक अनुभवों के आधार पर बजट घोषणाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। वेबिनार में उद्योग जगत, वित्तीय संस्थान, बाजार, सरकार और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी अधिसूचना के तहत प्रदेश में एक सीट के लिए यह चुनाव होगा। भाजपा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह सीट खाली हो रही है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की आखिरी तारीख 5 मार्च तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को होगी। उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणा भी उसी दिन होगी।

निरीक्षण

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल सरोल स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रबंध व्यवस्था की समीक्षा की और जिला प्रशासन व महाविद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैडिकल कॉलेज को नए परिसर में शिफ्ट करने को लेकर सरकार औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

यह जो खाली पड़ी हुई बिल्डिंग है उसको इस्तेमाल करने की बात इसके फर्नीचर को इस्तेमाल करने की जरूरत है इसके अतिरिक्त भवन के निर्माण की बात है जो जरूरी उसे बहुत कम डाक्टर और ऐसोशिएटिड स्टाफ है वह यहां पर है और उसके उपर जल्दी से निर्णय लेने की जरूरत है चाहे वह फर्नीचर से रिलेटिड हो या बिल्डिं से रिलेटिड हो।

ऋण

आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही राज्य सरकार एक हजार 30 करोड़ रुपए का ऋण लेने जा रही है। इसके लिए नीलामी प्रक्रिया दो मार्च को होगी। चार मार्च को ऋण राशि सरकार के खाते में जमा हो जाएगी। सरकार की तरफ से यह ऋण 20 वर्ष की अवधि के लिए लिया जा रहा है। जिसे चार मार्च 2046 तक लौटाना होगा। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस ऋण को लेने के बाद प्रदेश पर करीब एक लाख 3 हजार एक सौ 5 करोड़ रुपये का ऋण चढ़ जाएगा।

उज्जवला योजना

गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करवाने के उदेश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का तीसरा चरण शुरू हो गया है। इस चरण के तहत आकांक्षी जिला चम्बा में पात्र परिवारों की महिलाओं को निशुल्क एल.पी.जी. गैस कनैक्शन उपल्बध करवाने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने पात्र परिवारों से योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित कार्यालय में सम्पर्क करने का आह्वान किया है ।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जिसका लाभ लम्बे समय से लोग उठा रहे हैं। दो चरणों के बाद अब उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 2,050 रुपये मूल्य तक का निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिया जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को आवश्यक दस्तावेजों में पूर्ण रूप से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म, पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवेदक सहित पूरे परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र आदि आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को दिया जाएगा जिनके किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज न हो और जिनकी मासिक आय 10 हजार रुपये से कम हो। –आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर

शुभारंभ

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अब से कुछ देर बाद आई.जी.एम.सी. शिमला में अत्याधुनिक –थ्री टेस्ला एम. आर.आई. मशीन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा भी उपस्थित रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार थ्री टेस्ला एम.आर.आई. मशीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है जिससे जटिल बीमारियों की सटीक और स्पष्ट जांच संभव हो सकेगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने बीते 12 वर्षों में जन–जन को सुलभ व उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवाएं आमजन की पहुंच में है। ठाकुर ने कहा कि सरकार का स्पष्ट दृष्टि कोण रहा है कि यदि देश के नागरिक स्वस्थ रहेंगे तो देश भी स्वस्थ और समृद्ध बनेगा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।

प्रादेशिक समाचारों के लिए जुड़े रहिए आकाशवाणी शिमला के साथ। प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी की डी टी एच सेवा और मोबाइल ऐप न्यूज ऑन ए आई आर पर भी सुने जा सकते हैं।